# देवप्रयाग के पास नदी में गिरा वाहन, पांच लोगों की मौत

## शादी समारोह में जा रहा था पूरा परिवार


**टिहरी एजेंसी।**

शादी समारोह में शामिल होने जा रहे एक परिवार का वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। हादसे के वक्त वाहन में छह लोग सवार थे। हादसे में एक महिला को बचा लिया गया है, लेकिन अन्य पांच लोगों के शव मिले हैं।

ऋषिकेश बदरीनाथ राजमार्ग पर भल्ले गांव में एक कार के अलकनंदा नदी में गिरने से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर घायल एक महिला को बेस अस्पताल श्रीकोट में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि कार सवार परिवार के चार लोग फरीदाबाद व दो लोग रुड़की से विवाह समारोह में भाग लेने गौचर जा रहे थे। सुबह करीब सात बजे राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित भल्ले गांव के समीप एक कार बेकाबू होकर लगभग 300 मीटर नीचे अलकनंदा नदी में जा गिरी। सूचना पर तहसीलदार सूरजपाल सिंह रावत, थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत, पुलिस व एसडीआरएफ की टीम उपकरणों के साथ तुरंत मौके पर पहुंची। नदी में डूबी कार के ऊपर फंसी गम्भीर घायल महिला अनिता देवी ( 45वर्ष) पत्नी मदन सिंह नेगी को किसी तरह पानी के बीच में फंसी कार से निकालकर बेस अस्पताल श्रीकोट पहुंचाया गया। महिला द्वारा कार सवार अन्य लोगों की जानकारी देने के बाद पुलिस व एसडीआरएफ टीम द्वारा नदी में बाकी लोगों की तलाश शुरू कर दी गई।

### हादसे में तीन बच्चों की गई जान

क्रेन की मदद से कार को नदी से बाहर निकाला गया। जिसमें पांच लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान सुनील गुंसाई (44 वर्ष) पुत्र होशियार सिंह उनकी पत्नी मीना गुसांई (40 वर्ष) उनका पुत्र धैर्य (14वर्ष) व सुजल (12वर्ष) निवासी



सैनिक कॉलोनी फरीदाबाद व आदित्य नेगी (16वर्ष) पुत्र मदन सिंह नेगी दुर्गा कॉलानी रूड़की के रूप में हुई। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि मृतक सुनील गुसांई फरीदाबाद से शुक्रवार रात गौचर चमोली में होने वाली शादी समारोह में शामिल होने के लिए परिवार सहित रवाना हुआ था। रुड़की में उसकी पत्नी की बड़ी बहन अनिता व उसका बेटा आदित्य भी उनके साथ शादी में शामिल होने के लिए वहां से साथ जा रहा था। थाना प्रभारी ने बताया कि सभी शव नदी तट पर निकालने के बाद राफ्ट से मुल्यागांव तक लाया गया। यहां से शवों को पोस्टमार्टम के लिए बेस अस्पताल श्रीकोट भेजा गया है। घटना स्थल पर कीर्तिनगर व हिंडोलाखाल थाने से भी सहायता के लिए पुलिस टीम पहुंची थी। पुलिस ने बताया कि सुनील स्वयं कार चला रहा था।

## खबर संक्षेप

### महिला योग शिक्षक को डिजिटल अरेस्ट रखकर आठ लाख ठगे

**लखनऊ एजेंसी।** लखनऊ में एक और डिजिटल अरेस्ट में ठगी का मामला सामने आया है। एक योग शिक्षकों को जालसाजों ने मुंबई पुलिस का इंस्पेक्टर बनकर ठग लिया गोमतीनगर के सेवानिवृत्त डॉक्टर बीएन सिंह के बाद साइबर ठगों ने नेशनल होम्योपैथिक कॉलेज की योग शिक्षक शोभा रानी को डिजिटल अरेस्ट कर आठ लाख रुपये ऐंठ लिए। इंदिरानगर सेक्टर-12 स्थित सूर्या एन्क्लेव निवासी शोभा रानी के अनुसार, आरोपी ने खुद को मुंबई पुलिस का इंस्पेक्टर बताकर झांसे में लिया। फिर जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनका नाम आने की बात कहकर उन्हें 24 घंटे डिजिटल अरेस्ट रखकर रकम वसूल ली। उन्होंने शुक्रवार को साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। शोभा रानी ने बताया कि आठ अप्रैल की सुबह 9¬45 बजे व्हाट्सएप वीडियो कॉल आई थी। फोनकर्ता के पीछे मुंबई का कोलाबा पुलिस स्टेशन दिख रहा था। फोनकर्ता ने अपना परिचय सब इंस्पेक्टर अजय भास्कर के रूप में दिया। उसने बताया कि शोभा रानी का नाम नरेश गोयल मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। यह सुनकर वह घबरा गई। जालसाज ने बोला कि आपका केनरा बैंक में खाता है।

### सीएसआर फंड दिलाने का झांसा देकर 16 लाख की ठगी

**फरीदाबाद एजेंसी।** सामाजिक संस्था चलाने वाले मुजेसर एरिया के रहने वाले व्यक्ति से कंपनी से सीएसआर फंड दिलाने का झांसा देकर 16 लाख रुपये ठगने का आरोप है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पहले दो लोगों ने संपर्क किया और फिर कंपनी की प्रतिनिधि बताकर युवती से बात कराई। बाद में फंड नहीं मिला और वापस होना बताकर लिए गए 16 लाख रुपये भी वापस नहीं किए गए। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि मुजेसर थाना में एफआईआर दर्ज कर टीम जांच में जुटी है। पुलिस को ये शिकायत मुजेसर एरिया में रहने वाले दीपक ने दी है। ये एक सामाजिक संस्था चलाते हैं। आरोप है कि दिल्ली के मनोहर कुंज निवासी रवि शर्मा, पहाड़ गंज एरिया निवासी राजू कुमार ने कॉल कर इन्हें बताया कि उनके पड़ोस में एक व्यक्ति है जो आपकी संस्था में दान देंगे। अगले दिन रवि और राजू ने दीपक को दिल्ली बुलाया और नमरा नामक युवती से मिलवाया। युवती ने खुद को कंपनी की प्रतिनिधि बताकर कहा कि हमारी कंपनी का नाम वन टू फाइव इंवेस्टमेंट एंड क्रेडिट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड है।

### पत्नी-बच्चे को मायके भेज एमआर ने फंदा लगाकर दी जान

**कानपुर।** नौबस्ता थानाक्षेत्र के दयालपुरम इलाके में शनिवार को मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव (एमआर) सावन मिश्रा ने पंखे के कुंडे में दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। शुक्रवार को उसने पत्नी और बच्चों को मायके भेज दिया था। पत्नी शनिवार सुबह घर लौटी तो पति फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन आत्महत्या के कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सके। सावन पत्नी आरती, बेटी अदिति और बेटे अबीर के साथ रहता था। शुक्रवार को पत्नी बच्चों के साथ आवास-विकास सेक्टर स्थित मायके गई थी। काफी देर गेट खटखटाने के बाद भी नहीं खुला तो वह वापस लौट गई। करीब 11 बजे फिर आई तो गेट बंद मिला। बेटा गेट फांदकर अंदर पहुंचा तो पिता का फंदे से लटकता शव देखा। शोर सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने फंदा काटकर शव को नीचे उतारा।

### अंडरवियर में नकल छिपाकर लाया बीपीएड का छात्र

**गाजियाबाद एजेंसी।** एमएमएच कॉलेज में शुक्रवार को बीपीएड प्रथम वर्ष के एक छात्र को दूसरी पाली में आयोजित परीक्षा में कॉलेज के आंतरिक दस्ते ने भारी मशक्कत के बाद नकल करते हुए पकड़ा। पहले छात्र के पास रखी पानी की बोतल के ढक्कन में नकल की कुछ पर्चियां मिलीं। वह बार-बार बोतल को खोल रहा था तो कभी बंद कर रहा था। शक गहराने पर उसको पकड़ा गया तो उसने बोतल अपनी होने से इन्कार किया।

बाद में उसकी तलाशी ली गई तब दस्ते को छात्र के अंडर वियर में भी नकल की दस पर्चियां मिलीं। पूरे मामले की वीडियो ग्राफी कराई गई। अंडर वियर में पर्चियां मिलने के बाद उसने नकल लाने की बात कबूली। वह पर्चियों में देखकर छह प्रश्नों के उत्तर भी लिख चुका था। खास बात यह रही कि आंतरिक दस्ते से पहले भी एक टीम छात्र की शक होने पर तलाशी ले चुकी थी, लेकिन वह उनकी पकड़ में नहीं आया। पर्चियों के अलावा उत्तर पुस्तिका, प्रश्नपत्र को कब्जे में लेकर पूरी रिपोर्ट यूनिवर्सिटी को भेज दी गई। एमएमएच कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने बताया कि बीपीएड की एक छात्रा पैमाने पर दोनों तरफ नकल लिखकर लाई थी।

## दो बाइक की टक्कर में बुजुर्ग की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**भदोही एजेंसी।**



सड़क हादसे में दो लोगों के घायल होने की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। आसपास के लोगों की सहायता से दोनों को स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां एक की मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के सहसेपुर गांव के पास शनिवार को दोपहर करीब 12 बजे दो बाइक की टक्कर हो गई। इसमें सहसेपुर निवासी किरण कुमार मिश्रा (54) की मौत हो गई। वहीं, दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। सहसेपुर गांव निवासी किरण कुमार मिश्रा उर्फ लल्लू बाइक से औराई चौराहे पर जाने के लिए निकला। वह अपने घर से कुछ दूरी पर गांव के एक संपर्क मार्ग से औराई-मिर्जापुर रोड पर चढ़ रहा था कि उसी समय लीलाधरपुर बभनौटी निवासी दीपक यादव (24) तेज गति से बाइक लेकर मिर्जापुर की ओर जा रहा था। जैसे ही किरण औराई-मिर्जापुर सड़क पर चढ़ा, उसी समय दीपक भी तेज गति से उनकी बाइक में जा टकराया। जहां दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों में से किसी ने हेलमेट नहीं लगाया था। स्थानीय लोग दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औराई ले गए, जहां डॉक्टरों ने किरण कुमार को मृत घोषित कर दिया। दीपक के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। परिजन उसे एक निजी अस्पताल लेकर गए। दीपक मिर्जापुर जिले के पुरजागीर में एक गैस एजेंसी पर काम करने के लिए जा रहा था। किरण की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। क्षेत्र के लोग खबर मिलते ही सीएचसी की तरफ दौड़े। उसकी पत्नी मंजू देवी दहाड़े मार कर रोने लगी। माता राम श्रृंगारी भी बेटे के मौत पर बेहोश हो जा रही थी। कुछ लोगों ने कहा कि अगर दोनों चालक हेलमेट लगाए होते तो जान बच जाती।

## अमेरिका के दक्षिण फ्लोरिडा में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत



**वाशिंगटन एजेंसी।**

विमान में सवार सभी तीन लोगों की इस हादसे में मौत हो गई और जब विमान जमीन पर गिरा तो उसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। बोका रैटन के मेयर स्कॉट सिंगर ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। दक्षिण फ्लोरिडा में एक छोटा विमान शुक्रवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विमान एक प्रमुख अंतरराज्यीय राजमार्ग और रेल पटरियों के पास पूर्वाह्न करीब सवा दस बजे गिर गया। संघीय विमानन प्रशासन ने विमान की पहचान सेसना 310 के रूप में की है। बोका रैटन अग्निशमन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान में सवार सभी तीन लोगों की इस हादसे में मौत हो गई और जब विमान जमीन पर गिरा तो उसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। बोका रैटन के मेयर स्कॉट सिंगर ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है।

## पेड़ पर लटका मिला युवक का शव,नहीं हो सकी पहचान

**मेरठ एजेंसी।** मेरठ के पल्लवपुरम में युवक का शव पेड़ पर लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। शव की पहचान नहीं कराई जा सकी है। मेरठ के पल्लव पुरम थाना क्षेत्र के सोफीपुर लावड़ रोड पर गोदाम के ठीक सामने पेड पर पर युवक का शव फांसी पर लटका हुआ मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया जांच मे सामने आया है कि युवक की हत्या कर शव पेड़ पर लटका दिया गया है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की लेकिन पहचान नहीं हो सकी। युवक ने पीले रंग की टी शर्ट और सलेटी रंग का लोअर पहना हुआ है। ऐसा भी हो सकता की युवक की हत्या करने के बाद उसके शव को पेड़ पर लटका दिया गया हो। अभी पुलिस ने आसपास के लोगों से भी शव के बारे में जानकारी ली है, लेकिन उसकी कोई शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवक ने येलो शर्ट और हल्के ग्रीन कलर का लोवर पहन रखा है।

## विदेश भेजने के नाम पर लगभग 85 लाख रुपये की ठगी, गिरफ्तार

**गोरखपुर एजेसी।**

पीड़ितों ने बताया कि उन्हें हवाई यात्रा के टिकट 17 और 18 अप्रैल के लिए दिए गए थे। हालांकि, जब वे 21 अप्रैल को रोजगार के लिए एयरपोर्ट पहुंचे, तो उनके टिकट रद्द पाए गए और वीजा भी फर्जी निकला। जिसके बाद पीपीगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। शुक्रवार रात पीपीगंज पुलिस ने जंगल कौड़िया से 10 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त अभयनाथ मौर्य उर्फ सौरभ पांडे को गिरफ्तार किया। इस मामले में दो अन्य अभियुक्त, निकेतन त्रिपाठी और एक अन्य व्यक्ति पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार, पीपीगंज थाना क्षेत्र के जंगल कौड़िया में शीतल ट्रेनिंग एंड ट्रेड स्टेट सेंटर नाम से एक ऑफिस संचालित था।



इस ऑफिस के जरिए विदेश भेजने के नाम पर लोगों को वीजा और पासपोर्ट देने का लालच दिया जाता था। ऑफिस में गगहा थाना क्षेत्र के अभयनाथ मौर्य, जो फर्जी नाम सौरभ पांडे के रूप में जाना जाता था, और चंदन, जो फर्जी नाम निकेतन के रूप में काम करता था, सक्रिय थे। वहीं, खोराबार थाना क्षेत्र के निकेतन त्रिपाठी ऑफिस में नहीं बैठता था, लेकिन अधिकांश पैसों का लेन-देन उनके बैंक खाते में किया गया। मामले में दो मुकदमें, दर्ज किए गए थे, जिनमें 42 लोगों ने सामूहिक रूप से नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ितों में अजय कुमार प्रसाद, पंकज कुमार बरनवाल, अर्जुन कुमार गौड़, विनोद कुमार, देवानंद रेड्डी, दिग्विजय, अजय आदि शामिल हैं। इन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अभियुक्त निकेतन त्रिपाठी (पुत्र वेद प्रकाश त्रिपाठी, मालवीय नगर, खोराबार) और सौरभ पांडे ने 130 लोगों से 65-65 हजार रुपये ऑनलाइन दो बैंकों की शाखाओं में जमा कराए। पीड़ितों को हवाई यात्रा के टिकट 17 और 18 अप्रैल के लिए दिए गए थे। हालांकि, जब वे 21 अप्रैल को रोजगार के लिए एयरपोर्ट पहुंचे, तो उनके टिकट रद्द पाए गए और वीजा भी फर्जी निकला। जिसके बाद पीपीगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस जांच में पता चला कि अभियुक्त अभयनाथ मौर्य उर्फ सौरभ पांडे गुजरात में अवैध शराब के कारोबार में भी लिप्त था। उस पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। मुखबिर की सूचना पर जंगल कौड़िया चौकी प्रभारी विकास मिश्रा, उपनिरीक्षक सौरभ यादव और सिपाही विश्लेंद्र यादव ने शुक्रवार रात अभियुक्त को धर दबोचा। इस मामले में दो अभियुक्त को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं। शुक्रवार को अभयनाथ मौर्य उर्फ सौरभ पांडे को गिरफ्तार किया गया है।

## शाही जामा मस्जिद पर मुस्लिम युवक की घिनौनी करतूत...

### छूटे पुलिस के पसीने

**आगरा एजेंसी।**

आगरा की शाही जामा मस्जिद पर थैले में जानवर का कटा हुआ सिर रख दिया गया। इससे आक्रोश फैल गया। पुलिस से झड़प हुई। पुलिस ने महज चार घंटे में साजिश का पर्दाफाश कर दिया। आगरा के शाही जामा मस्जिद परिसर में एक युवक ने थैले में जानवर का कटा हुआ सिर रखकर शुक्रवार को शहर का माहौल खराब करने की कोशिश की। फजर की नमाज के बाद थैला देखते ही नमाजी एकत्रित हो गए। सूचना पर सर्किल की फोर्स के साथ पहुंचे डीसीपी सिटी ने लोगों को समझाया। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी को चार घंटे में गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि दोपहर में नमाज के बाद युवकों ने हंगामा करते हुए नारे लगाए। पुलिस को लाठियां भांजकर लोगों को तितर-बितर करना पड़ा। बिजलीघर स्थित शाही जामा मस्जिद में सुबह करीब 7 बजे फजर की नमाज अदा करने के बाद कुछ लोगों ने एक कोने में रखा थैला देखा। उसमें जानवर का कटा हुआ सिर रखा था।



इस जानवर का मजहब में नाम लेना तक निषेध है। पता चलते ही संवेदनशील मंटोला में तनाव फैल गया। काफी संख्या में लोग मस्जिद पहुंच गए। हंगामा होने लगा। मस्जिद इंतजामिया कमेटी के जाहिद कुरैशी ने पुलिस को सूचना दी। डीसीपी सिटी सोनम कुमार सर्किल के फोर्स के साथ पहुंचे। लोगों को समझाया। इसके बाद मस्जिद में लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए। बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे आरोपी युवक थैला लेकर अंदर जाते हुए और फिर खाली हाथ बाहर निकलते दिखा। दोपहर डेढ़ बजे जुमे की नमाज थी। नमाज के बाद बवाल की आशंका को देखते हुए पुलिस ने आननफानन 100 पुलिसकर्मियों को संदिग्ध की तलाश में लगाया। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। सुबह 11 बजे पुलिस ने टीला नंदराम, मंटोला निवासी नजीरउद्दीन को पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने जुर्म स्वीकार कर लिया।परिजन ने बताया कि नजीरुद्दीन दिमागी कमजोर है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है कि उसने यह काम किसके इशारे पर किया। जुमे की नमाज के दौरान सिटी जोन का पूरा फोर्स मस्जिद के आसपास लगाया गया। दोपहर दो बजे के बाद नमाज खत्म होने के बाद युवकों ने हंगामा करने की कोशिश की। मस्जिद के बाहर निकलते ही युवाओं के गुट नारेबाजी करने लगे। मस्जिद नापाक करने वाले को फांसी दो, फांसी दो के नारे लगाए। पुलिस ने यह देखा तो तुरंत लाउडस्पीकर से एलान किया कि नारेबाजी करने वालों को चिह्नित करके कार्रवाई होगी। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। किसी तरह का बवाल नहीं करें। शांति होने के बाद पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि धर्मस्थल को अपवित्र करने की साजिश करने वाले आरोपी से पूछताछ की जा रही है। केस दर्ज किया गया है।

## यूक्रेन में पुतिन का हमला देख नाटो को आया पसीना

**वाशिंगटन एजेंसी।**

रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अब भी उम्मीद लगाई जा रही है। ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ ने 11 अप्रैल, 2025 को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठक की। इस बीच ट्रंप ने फिर दावा किया कि वे उस दौरान राष्ट्रपति होते, तो रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध होता ही नहीं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि रूस को आगे बढ़ना होगा, क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं। रूस और यूक्रेन की लड़ाई खत्म होती दिख रही थी, लेकिन उम्मीद से उलट जंग और बड़ गई है। दोनों देश नई-नई तकनीक वाले हथियारों के जरिये एक-दूसरे पर हमला कर रहे हैं। 12 अप्रैल की सुबह कीव के स्वियातोशिन्स्की जिले में रूसी ड्रोन हमले में कम से कम 3 लोग घायल हो गए। यूक्रेन की राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने कहा कि , कीव के स्वियातोशिन्स्की जिले में एक एक मंजिला गोदाम की इमारत और एक औद्योगिक उद्यम का हिस्सा रहे दो गोदामों में आग लग गई। एजेंसी ने कहा कि हमलों के कारण लगी आग को बुझा दिया गया है। एसईएस द्वारा जारी फुटेज और छवियों में बचाव दल आग बुझाने के लिए काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अब भी उम्मीद लगाई जा रही है। ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ ने 11 अप्रैल, 2025 को रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ बैठक की। क्योंकि बहुत से लोग मर रहे हैं। यूरोपीय देशों ने यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में यूक्रेन की मदद के लिए अरबों डॉलर की अतिरिक्त धनराशि भेजने का संकल्प लिया है। वहीं, अमेरिकी दूत ने तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने की रूस की इच्छा पर लगते सवालिया निशानों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। यूक्रेन ने अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन किया है लेकिन रूस ने दूरगामी शर्तें लगाकर इसे प्रभावी रूप से रोक दिया है।

## कनाड़ा के बाद अब ऑस्ट्रेलिया में भी हिंसा, दूतावास की दीवारों पर रंग पोते, एक्शन में भारत

**वियना एजेंसी।**

एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास के परिसर में उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ की घटना को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। देश में भारतीय राजनयिक और वाणिज्य दूतावास परिसर और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में भारतीय वाणिज्य दूतावास में गुरुवार को तोड़फोड़ की गई, 344 सेंट किल्डा रोड पर स्थित वाणिज्य दूतावास भवन के सामने के प्रवेश द्वार पर भित्तिचित्र पाए गए। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने इस मुद्दे को उठाया और एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा मेलबर्न में भारत के महावाणिज्य दूतावास के परिसर में उपद्रवियों द्वारा की गई तोड़फोड़ की घटना को ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया गया है। देश में भारतीय राजनयिक और वाणिज्य दूतावास परिसर और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।समाचार पोर्टल ने कहा कि इस घटना ने भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय की चिंताएं फिर से बढ़ा दी हैं, जिन्होंने मेलबर्न में हिंदू मंदिरों और भारतीय सरकारी प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर की जाने वाली घटनाओं की बढ़ती प्रवृत्ति पर निराशा व्यक्त की है। एक भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई ने कहा कि यह दीवार पर लिखें महज नारे नहीं है- यह हमारे समुदाय को डराने-धमकाने का संदेश है। उन्होंने कहा कि धार्मिक और



सांस्कृतिक महत्व के स्थानों पर बार-बार होने वाले हमले अत्यंत दुखद हैं। विक्टोरिया की प्रीमियर जेसिंटा एलन सरकार ने इस वर्ष घृणा या धार्मिक पूर्वाग्रह से प्रेरित कृत्यों के लिए दंड को कड़ा करने हेतु निंदा-विरोधी कानून पारित किया। पुलिस प्रवक्ता ने घटना का ब्यौरा साझा करते हुए कहा कि अधिकारियों का मानना है कि इमारत के सामने के प्रवेश द्वार पर बुधवार 9 और गुरुवार 10 अप्रैल के बीच किसी रात भित्तिचित्र बनाया गया था। नुकसान की जांच जारी है। यह ऑस्ट्रेलिया में पहली भारत विरोधी घटना नहीं है, क्योंकि 2023 में विदेश मंत्री एस जयशंकर की यात्रा के तुरंत बाद ब्रिस्बेन में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर झंडे बंधे पाए गए थे। एक अन्य घटना में उपद्रवियों ने सिडनी में बीएपीएस स्वामीनारायण मंदिर को क्षतिग्रस्त कर दिया।